खाटू की गलियों में कोठी मेरी | by Vandy Kaur

सांवरिया सरकार मेरा बस इतना कहन पुगा देना
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना

सुबह सुबह उठकर मैं बाबा मंदिर तेरे आऊंगा
भोग लगाऊंगा मैं तुझको दर्शन तेरा पाऊंगा
रात को कीर्तन करूँ तेरा बस सुबह जल्दी उठा देना
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना

जो भगत दूर से आएंगे उनकी सेवा में खड़ा रहूं
झाड़ू पोछा करूँ तेरा चरणों में तेरे पड़ा रहूं
आवन जावन खातर बस एक ऑडी नवी दिला देना
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना

तेरा पडोसी बनूँगा जब मैं ख्याल तुझे ही रखना है
तेरे भक्तों में नाम हो मेरा, मेरा भी ये सपना है
कुमार प्रवीण पर भी अपनी मोरछड़ी लहरा देना
इन भक्तों पे बाबा अपनी मोरछड़ी लहरा देना
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%a0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87/